भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 1368

सोमवार, 27 जुलाई, 2026/5 श्रावण, 1948 (शक)

मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) की सेवाओं में गतिरोध

†1368. **श्री अभय कुमार सिन्हाः**

क्या ***वित्त*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों के अंतर्गत कार्यरत मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) सीमित पदोन्नति के अवसरों के कारण गंभीर गतिरोध का सामना कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई कर्मचारी पदोन्नति के पात्र होने के बावजूद कई वर्षों से एक ही पद पर बने हुए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमटीएस की संवर्ग संख्या, रिक्तियों की स्थिति, पदोन्नति के अवसरों और करियर की प्रगति की समीक्षा की है; और

(ग) यदि हाँ, तो पदोन्नति के पर्याप्त अवसर प्रदान करने, गतिरोध को दूर करने और एमटीएस कर्मचारियों के लिए निष्पक्ष एवं समयबद्ध करियर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क): मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के करियर की प्रगति में पदोन्नति के अवसर हैं। एमटीएस पदोन्नति पर केंद्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (सीएससीएस) के कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जेएसए) बन जाते हैं। वित्त मंत्रालय में जेएसए ग्रेड में रिक्ति होने पर, एमटीएस को जेएसए ग्रेड में पदोन्नत किए जाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाते हैं। इसके अलावा, संशोधित सुनिश्चित करियर प्रगति (एमएसीपी) योजना के अंतर्गत वित्तीय उन्नयन भी उपलब्ध है।

(ख) और (ग): सीएससीएस की संवर्ग समीक्षा एक नीतिगत मामला है और संवर्ग, कार्यात्मक आवश्यकताओं और प्रशासनिक अनिवार्यताओं को ध्यान में रखते हुए, इस पर समय-समय पर विचार किया जाता है। सरकार ने केंद्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (सीएससीएस) के संवर्ग का पुनर्निर्माण करने के लिए एक समिति का गठन किया है।

*****